# 'ऑपरेशन विश्वास' में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 106 गुम मोबाइल बरामद, 2026 में अब तक 406 मोबाइल

- विभिन्न राज्यों से ट्रेस कर रिकवर किए गए फोन
- एसपी अगम जैन के निर्देश पर चलाया गया अभियान



**छतरपुर, 31 मार्च. पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन विश्वास' अभियान के तहत गुम मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है.**

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में साइबर सेल और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मार्च माह के दौरान 106 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया. इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपये आंकी गई है. पुलिस के अनुसार, बरामद मोबाइल फोन दिल्ली, लखनऊ, महोबा, झांसी, बांदा, टीकमगढ़, सागर, पन्ना और छतरपुर सहित विभिन्न स्थानों से ट्रेस किए गए. इनमें सैमसंग, वनप्लस, मोटोरोला, वीवो, ओप्पो, रेशमी और रियलमी जैसी कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं. अभियान के तहत वर्ष 2026 में अब तक कुल 406 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई गई है. ये मोबाइल छात्र-छात्राओं, मजदूरों, किसानों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के हैं, जिन्हें वापस मिलने पर लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत साइबर सेल से संपर्क करें या 9479991005 पर कॉल करें. साथ ही आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मोबाइल बिल, बॉक्स की फोटो और शिकायत की कॉपी उपलब्ध कराएं.



# ग्राम छपरा में सीसी निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**गौरीहार, 31 मार्च. जनपद पंचायत गौरीहार अंतर्गत ग्राम पंचायत नीबीखेड़ा के संलग्न ग्राम छपरा में हाल ही में कराया गया सीसी सड़क निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है.**

करीब 4.5 लाख रुपये की लागत से बनाए गए इस सीसी रोड में महज एक माह के भीतर ही गुणवत्ता की पोल खुल गई है। जानकारी के अनुसार यह सीसी निर्माण कार्य रामप्रताप राजपूत के मकान से नत्थू अहिरवार के मकान तक तथा राजकुमार पटेल के मकान से सार्वजनिक कूप तक लगभग 200 मीटर लंबाई में किया गया था। लेकिन निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ने लगीं और अब हालत यह है कि कंक्रीट उखड़कर बिखरने लगी है।

> ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। सीसी सड़क से रेत और गिट्टी बाहर निकल रही है, जबकि सीमेंट धूल बनकर उड़ रहा है, जिससे सड़क पूरी तरह खराब होती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह सड़क पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जिम्मेदार का बयान इस संबंध में गौरीहार जनपद पंचायत के एसडीओ मधु प्रजापति ने कहा कि, आपके द्वारा जानकारी दी गई है, उपयंत्री को भेजकर जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.



# विधायक ने सुनीं जन समस्याएं त्वरित समाधान के दिए निर्देश

- जनता की समस्याओं का निराकरण ही पहली प्राथमिकता

**छतरपुर, 31 मार्च. क्षेत्र की विधायक ललिता यादव ने मंगलवार को अपने निज निवास पर आमजन की समस्याएँ सुनीं. इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे.**

विधायक ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा में समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

ललिता यादव ने कहा कि जनता की सेवा करना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उनके इस कदम से क्षेत्रवासियों में संतोष का माहौल देखने को मिला और लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर भरोसा जताया.



# जंगल में भटके दो मासूमों को पुलिस ने सुरक्षित खोजा

**छतरपुर.** जिले के बिजावर क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से दो मासूम बच्चों की जान बच गई. थाना पिपट क्षेत्र के ग्राम नयागांव में 8 और 6 वर्षीय दो सगे भाई परिजनों से बिछड़कर जंगल में भटक गए थे, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया.सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना देर किए सर्च ऑपरेशन शुरू किया. घने जंगल में लगातार तलाश के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित खोज निकाला. उन्हें सकुशल बाहर लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया.मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बच्चों के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया.

# झूलते बिजली तार से लगी आग

## फसल जलने से किसान को हुआ भारी नुकसान



**छतरपुर, 31 मार्च. जिले की चंदला तहसील अंतर्गत ग्राम टिकरी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक किसान की मेहनत कुछ ही मिनटों में आग की भेंट चढ़ गई. जानकारी के अनुसार, ग्राम टिकरी निवासी किसान नारायण राजपूत अपनी कटी हुई फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर थ्रेसिंग के लिए खरियाना ले जा रहे थे.**

जैसे ही उनका वाहन गांव में साहू की चक्की के पास पहुंचा, ऊपर से गुजर रहे झूलते बिजली तारों से फसल टकरा गई. टकराते ही सूखी फसल में चिंगारी भड़क उठी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया.

आग इतनी तेजी से फैली कि किसान और आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही पूरी ट्रॉली आग की चपेट में आ गई.घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी.

इस हादसे में किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में झूलते बिजली तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके.

# पुलिस की चेतावनी : झूठे केस बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

- लवकुशनगर और गौरिहार क्षेत्र में सामने आए मामले
- 6-6 आरोपियों पर केस दर्ज




**छतरपुर, 31 मार्च. जिलें में पुलिस ने खुद को नुकसान पहुंचाकर झूठे आरोप लगाकर निर्दोष लोगों को फंसाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है.**

हाल ही में जिले के लवकुशनगर और गौरिहार थाना क्षेत्रों में ऐसे मामले सामने आए हैं.पुलिस के अनुसार, लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम झिन्ना में आरोपी विपुल चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और दूसरों को फंसाने की नीयत से खुद पर फायर किया. इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

> इसी तरह गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम निधवा पुखरी में नितिन उर्फ गौरव प्यासी ने भी अपने साथियों के साथ मिलकर खुद को अवैध हथियार से नुकसान पहुंचाया और अन्य लोगों पर झूठा आरोप लगाया. इस मामले में भी 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की भ्रामक और गैरकानूनी गतिविधियां न केवल कानूनन अपराध हैं, व्यक्ति और उसके परिवार को भी गंभीर नुकसान हो सकता है. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों से दूर रहें और कानून का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# पेंशनर्स एसोसिएशन का संभागीय सम्मेलन




- समस्याओं पर मंथन और आंदोलन की रणनीति तय

**छतरपुर, 31 मार्च. शहर के ऑडिटोरियम में पेंशनर्स एसोसिएशन का भव्य संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सागर संभाग के विभिन्न जिलों से आए प्रांतीय और जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया.**

सम्मेलन में पेंशनभोगियों की लंबित और ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई. पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष रामसेवक गोस्वामी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स की मांगों को लेकर एकजुटता बनाना और उनके हितों की रक्षा करना है. चर्चा के दौरान मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को समाप्त न किए जाने का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा. पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रावधान के कारण पेंशनर्स को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. सम्मेलन में सरकार से मांग की गई कि धारा 49 को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए, ताकि पेंशनर्स को उनका उचित लाभ मिल सके. अन्य समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर भी सहमति बनी. इस अवसर पर सैकड़ों पेंशनर्स ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया.

# बर्फ बेचने वाला साहिल बना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

- राजनगर क्षेत्र के तालगांव का रहने वाला है साहिल
- संघर्ष के बीच हासिल की बड़ी सफलता



**छतरपुर, 31 मार्च. जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तालगांव के रहने वाले साहिल ने अपनी मेहनत और संघर्ष के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है, जो अप्रैल माह में श्रीलंका दौरे पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी.**

साहिल का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वह अब तक बर्फ बेचकर अपना गुजारा करते थे, लेकिन क्रिकेट के प्रति उनके जुनून और लगातार मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचा दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने खेल को निखारा और अब देश के लिए खेलने का अवसर प्राप्त किया है।31 मार्च को छतरपुर में उन्होंने अपनी इस उपलब्धि की जानकारी दी। साहिल के चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। साहिल की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**छतरपुर, 31 मार्च. जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. भुस्का गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी.हादसा इतना भीषण था कि 45 वर्षीय मिलन पटेल की मौके पर ही मौत हो गई.**

जबकि उनकी मां हीराबाई गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया.

अस्पताल में डॉक्टरों ने मिलन पटेल को मृत घोषित कर दिया, जबकि हीराबाई को गंभीर हालत में ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया है. उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है.मंगलवार सुबह करीब 9 बजे परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया. हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके. वहीं स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है.

**कार्यक्रम** | पं. दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान सम्पन्न

# सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा



**छतरपुर, 31 मार्च. जिले के बिजावर क्षेत्र अंतर्गत ईशानगर मण्डल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ.**

इस आयोजन में विधायक राजेश बबलू शुक्ला सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली, सरकार की योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई. वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया.समापन सत्र में नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें. कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के लिए सक्रिय रहने का संकल्प लिया.

# राशन न मिलने से भड़के ग्रामीण, किया चक्का जाम

**फरवरी से गेहूं वितरण बंद, प्रशासन ने जांच के दिए आदेश**




**नवभारत न्यूज**

**सांची,31 मार्च. थाना सांची क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढ़की में शासकीय उचित मूल्य दुकान से फरवरी माह से गेहूं वितरण नहीं होने पर हितग्राहियों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में रायसेन रोड पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन बाधित हो गया.**

सूचना मिलते ही सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी अपने-अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया, लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए प्रशासन को तत्काल सूचित किया गया.ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम मेढ़की स्थित उचित मूल्य दुकान से पंचायत के पांच गांव—मेढ़की, रतनपुर, खामखेड़ा, बहेड़िया सहित अन्य गांवों के हितग्राही राशन प्राप्त करते हैं.

लेकिन फरवरी माह से अब तक अनाज वितरण नहीं किया गया. दुकान संचालकों द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता गया.मौके पर पहुंचे रायसेन एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी तथा सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं. अधिकारियों ने उचित मूल्य दुकान में अनियमितता की जांच कराने तथा दोषी संचालक के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया. एसडीएम द्वारा जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं.

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही राशन वितरण शुरू नहीं हुआ तो वे पुन: आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.राशन जैसी मूलभूत जरूरत पर लापरवाही ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.